web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Social Justice Union
Govt. Registered

# दैनिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार, 16 जून 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 258

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राष्ट्रपति चुनाव के लिए गजट नोटिफिकेशन जारी, 18 जुलाई को होगा मतदान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हाल ही में संपन्न होने वाले राज्यसभा चुनावों के बाद अब 16वें राष्ट्रपति चुनाव के लिए बुधवार को गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई 2022 को खत्म हो रहा है। ऐसे में चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति चुनाव के तारीख का ऐलान कर दिया है। 18 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव होंगे। नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। 29 जून नामांकन की आखिरी तारीख होगी। वहीं 18 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव होंगे और इसके बाद 21 जुलाई को देश को नए राष्ट्रपति मिल जाएंगे, जो जुलाई की 25 तारीख तक अपना पदभार ग्रहण कर सकेंगे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई 2022 को खत्म हो रहा है। इससे पहले 17 जुलाई 2017 को राष्ट्रपति चुनाव हुए थे। वहीं चुनाव प्रक्रिया की बात करें तो राष्ट्रपति को चुनने के लिए जनता के ओर से चुने गए प्रतिनिधि डालते हैं। यानी आम लोग इस वोटिंग में हिस्सा नहीं लेते। इसके लिए लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य राष्ट्रपति चुनाव में वोटिंग करते हैं। साथ ही देश के सभी राज्यों की विधानसभा के सदस्य यानी विधायक भी राष्ट्रपति चुनाव में हिस्सा लेते हैं।

### गंगा नदी पैदल पार करने में पति-पत्नी और साली डूबे,गोताखोरों ने बहनों को बचाया,एक लापता

**कानपुर (आरएनएस)।** जाजमऊ में गंगा नहाने गए एक परिवार के तीन सदस्य डूब गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास नहा रहे लोगों ने दो महिलाओं को बचा लिया, जबकि गहराई में जाने से युवक लापता हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश शुरू कराई है। हादसे की जानकारी के बाद गंगा किनारे लोगों की भीड़ लगी हुई है। जाजमऊ के वाजिदपुर गांव निवासी ओमप्रकाश बाथम (42) उर्फ लाला इलेक्ट्रिशियन है। वह बुधवार को पत्नी रति, बेटे वैभव व आरव तथा साली निक्की व साले अनमोल के साथ गांव किनारे गंगा नहाने गए थे। स्वजन ने बताया कि इस दौरान वह लोग पानी कम होने से पैदल ही नदी के पार चले गए। दूसरी ओर जाने के बाद वहां सभी स्नान किया और फिर लौटते समय अचानक गहराई में जाने से ओमप्रकाश, उनकी पत्नी रति और साली निक्की गंगा में डूबने लगे। चीख-पुकार सुनकर पास स्नान कर रहे लोगों ने रति और निक्की को मशक्कत के बाद बाहर निकालकर सकुशल बचा लिया। इस बीच ओमप्रकाश गंगा की गहराई में लापता हो गए।

### सवारी बस अनियंत्रित होकर पुलिया से नहर में गिरी, बाबा-नाती की मौत, 20 लोग घायल

**मुरैना (आरएनएस)।** मुरैना जिले में आज दोपहर एक सवारी बस अनियंत्रित होकर चम्बल कैनाल नहर में पलट गई। इस हादसे में बाबा-नाती की मौत हो गई, और करीब 20 लोग घायल हुए है। घायलों में से कुछ लोगों को गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल मुरैना के लिए रेफर कर दिया है। घटना चिंनौनी थाना क्षेत्र स्थित सिंगरौली गांव के पास की है। बस में सवार लोग खाडौली गाँव से लगुन-फलदान लेकर श्योपुर की तरफ कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे।हादसे की सूचना पाकर चिन्नोनी थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुँच गए है. जानकारी के अनुसार आज बुधवार की दोपहर मुरैना जिले के खांड़ौली गांव से करीब आधा सैकड़ा लोग बस में सवार होकर लगुन-फलदान के कार्यक्रम में शामिल होने श्योपुर के लिए निकले थे। बस दोपहर करीब 2.30 बजे चिंनौनी थाना क्षेत्र स्थित सिंगरौली गांव के पास से गुजर रही थी, तभी चम्बल कैनाल नहर की पुलिया पर अचानक एक मोटर साईकल सामने आ गई। बस चालक ने तेजी से मोटर साईकल सवार को बचाने की कोशिश की, तभी बस अनियंत्रित होकर पुलिया से चम्बल कैनाल नहर में गिर गई। बस नहर में गिरते ही सवारियों में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने के साथ ही बस में फंसे लोगों को बाहर निकालना शुरू कर दिया। उधर कुछ ही समय मे थाने से पुलिसबल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला और वाहन में रखकर अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पर डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया।

# अमित शाह का बड़ा एलान, अग्निवीरों को सीएपीएफएस और असम राइफल्स में दी जाएगी प्राथमिकता

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** तीनों सेनाओं में भर्ती के लिए शुरू की गई नई योजना 'अग्निपथ' को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय ने इस योजना में 4 साल पूरा करने वाले अग्निवीरों को सीएपीएएफएस और असम राइफल्स में भर्ती में प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अपने ट्वीट में लिखा है कि अग्निपथ योजना' के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए पीएम मोदी का एक दूरदर्शी व स्वागत योग्य निर्णय है। इसी संदर्भ में आज गृह मंत्रालय ने इस योजना में चार साल पूरा करने वाले अग्निवीरों को सीएपीएएफएस और असम राइफल्स में भर्ती में प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अन्य ट्वीट में लिखा है कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में गृह मंत्रालय के इस निर्णय से 'अग्निपथ योजना' से प्रशिक्षित युवा आगे भी देश की सेवा और सुरक्षा में अपना योगदान दे पाएंगे। इस निर्णय पर विस्तृत योजना बनाने का काम शुरू हो गया है।



'अग्निपथ भर्ती योजना' के तहत युवाओं को चार साल की अवधि के लिए सेना में शामिल होने का मौका मिलेगा। साढ़े 17 साल से 21 साल के युवा लडक़े और लड़कियां इसके लिए पात्र होंगे। इसके लिए 10वीं से लेकर 12वीं तक के छात्र आवेदन कर सकेंगे। इसकी शुरुआत 90 दिन के भीतर हो जाएगी। इस साल 46 हजार अग्निवीरों की भर्ती की जाएगी। पहली भर्ती प्रक्रिया में युवाओं को 6 महीने की ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग का समय भी चार साल में शामिल होगा।

हर अग्निवीर को भर्ती के साल 30 हजार महीने तनख्वाह मिलेगी। इसमें से 70 फीसदी यानी 21 हजार रुपये उसे दिए जाएंगे। बाकी 30 फीसदी यानी नौ हजार रुपये अग्निवीर कॉर्प्स फंड में जमा होंगे। इस फंड में इतनी ही राशि सरकार भी डालेगी। दूसरे साल अग्निवीर की तनख्वाह बढक़र 33 हजार, तीसरे साल 36.5 हजार तो चौथे साल 40 हजार रुपये हो जाएगी।

चार साल में उसकी कुल बचत करीब 5.02 लाख रुपए होगी। वहीं सरकार की ओर से भी इतनी ही रकम जमा की जाएगी। नौकरी पूरी होने के बाद उसे ये रकम ब्याज सहित मिलेगी। जो करीब 11.71 लाख रुपए होगी। ये रकम टैक्स फ्री होगी।

सेवा के दौरान शहीद होने या दिव्यांग होने पर आर्थिक मदद का प्रावधान भी है। अगर कोई अग्निवीर देश सेवा के दौरान शहीद हो जाता है तो उसे सेवा निधि समेत एक करोड़ से ज्यादा की राशि ब्याज समेत दी जाएगी। इसके अलावा बची हुई नौकरी का वेतन भी दिया जाएगा। अगर कोई जवान ड्यूटी के दौरान डिसेबिल यानी दिव्यांग हो जाता है तो उसे 44 लाख रुपये तक की राशि दी जाएगी और बची हुई नौकरी का भी वेतन दिया जाएगा। चार साल की नौकरी के बाद युवाओं को सेवा निधि पैकेज दिया जाएगा। जो 11.71 लाख रुपए होगा।

नई योजना मौजूदा खुली भर्ती की जगह ही लाई गई है। अभी जनरल ड्यूटी के अलावा, क्लर्क, स्टोर कीपर, ट्रेडमैन, नर्सिंग असिस्टेंट जैसे पदों के लिए खुली भर्ती होती है। इसमें चयनित होने वाले युवा करीब साढ़े 17 साल सेना में सेवाएं देते हैं। सेवा समाप्त होने के बाद इन्हें पेंशन भी मिलती है। अब इन पदों पर केवल चार साल के लिए भर्ती होगी। इन अग्निवीर को कोई पेंशन नहीं मिलेगी। सेवाकाल समाप्त होने के बाद उन्हें एकमुश्त राशि ही मिलेगी।

चार साल के सेवाकाल के बाद 75 फीसदी जवानों की सेवाएं समाप्त हो जाएंगी। अधिकतम 25 फीसदी को रेगुलर काडर में जगह मिलेगी। इसके लिए सेवाकाल पूरा होने के बाद ऐच्छिक आधार पर रेगुलर काडर के लिए आवेदन करना होगा।

जिन जवानों को सेवा से मुक्त किया जाएगा, उन्हें सशस्त्र बल व अन्य सरकारी नौकरियों में वरीयता मिलेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि चार साल के सेवाएं देने वाले अग्निवीर को कई राज्यों और केंद्रीय मंत्रालयों में आने वाली नौकरियों में प्राथमिकता दी जाएगी। रक्षा मंत्री के एलान के बाद राज्यों के ओर से इस तरह की घोषणाएं भी होने लगी हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश पुलिस में अग्निवीर जवानों को भर्ती में प्राथमिकता दी जाएगी।

नई योजना में भर्ती की प्रक्रिया पहले की ही तरह रहेगी। चयनित होने के बाद छह महीने के कठिन ट्रेनिंग होगी। इसके बाद तैनाती होगी। नई योजना से सेना में युवाओं को ज्यादा मौके मिलेंगे। अभी सेना की औसत आयु 32 साल है। योजना लागू होने के बाद अगले छह से सात साल में ये घटकर 24 से 26 साल हो जाएगी।

## अंदर राहुल गांधी से तीसरे राउंड की पूछताछ, बाहर तपती सड़क पर धरने पर बैठे कांग्रेस के कई नेता

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी नेशनल हेराल्ड केस में पूछताछ के लिए बुधवार को लगातार तीसरे दिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। राहुल गांधी सीआरपीएफ जवानों की जेड श्रेणी की सुरक्षा के साथ सुबह करीब 11 बजकर 35 मिनट पर मध्य दिल्ली में एपीजे अब्दुल कलाम रोड पर स्थित ईडी मुख्यालय पहुंचे। उनके साथ उनकी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी आयीं। वह 11 घंटे से अधिक समय तक चली पूछताछ के बाद मंगलवार रात साढ़े 11 बजे ईडी मुख्यालय से निकले थे।



केंद्रीय जांच एजेंसी अपने दफ्तर में उनसे पूछताछ कर रही है। वहीं, कांग्रेस मुख्यालय के बाहर कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार के वफादार नेता दिल्ली की तपती गर्मी में विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। विरोध करने वाले नेताओं में अधीर रंजन चौधरी, अजय माकन, रणदीप सुरजेवाला, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरीखे नेता शामिल हैं। ये सभी सडक़ों पर लगातार राहुल के खिलाफ ईडी की पूछताछ का विरोध कर रहे हैं और इसे बदले की भावना से की गई कार्रवाई बता रहे हैं।

आपको बता दें कि ईडी के कार्यालय के आसपास पुलिस और अर्द्धसैन्य बलों के जवानों को भारी संख्या में तैनात किया गया है। यहां आपराधिक दंड संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है।

## खेलों के राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ ने जीते दो स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य सहित कुल 11 पदक

**❐ मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को दी बधाई**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ के पदक विजेता सहित प्रतिभागी खिलाडिय़ों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। खेलों के इस राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ राज्य का दबदबा रहा। इसमें छत्तीसगढ़ के खिलाडिय़ों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 2 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक तथा 6 कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक हासिल किए। गौरतलब है कि हरियाणा के पंचकुला में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ राज्य से 13 खेलों के 122 खिलाडिय़ों ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ के खिलाडिय़ों की उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे हमारा छत्तीसगढ़ राज्य राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ''खेलबो......जीतबो.........गढ़बो...नवा छत्तीसगढ़'' की परिकल्पना को साकार करने हर संभव पहल की जा रही है। जिससे प्रदेश का मान बढ़ाने वाले हर हुनरमंद खिलाडिय़ों को कोई परेशानी न हो और वे अपनी प्रतिभा का अच्छा से अच्छा प्रदर्शन कर सके।



खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ को पहला स्वर्ण पदक वेटलिफ्टिंग में मिला। इनमें ज्ञानेश्वरी यादव ने 164 किलोग्राम वजन उठाकर अपने पुराने रिकार्ड को ब्रेक करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के राजा भारती ने कुल 211 किलोग्राम वजन उठाकर कांस्य पदक जीता है। इसी तरह मलखंभ में 1 और स्वर्ण पदक सरिता पोयाम को प्राप्त हुआ। मलखंभ में ही सरिता पोयाम ने एक कांस्य पदक, मोनू नेताम ने 2 रजत पदक तथा बालिका दल ने 1 कांस्य पदक और बालक दल ने 1 कांस्य पदक हासिल किया। इसके अलावा गतका में रणवीर ने (व्यक्तिगत) 1 रजत पदक तथा छत्तीसगढ़ राज्य के गतका दल ने 1 कांस्य पदक और कलारीपयतु में साधिका दुबे ने 1 कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया।

## जयपुर में अगले महीने होगी आरएसएस की बड़ी बैठक, ज्ञानवापी और पैगंबर मुहम्मद विवाद पर भी होगा मंथन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शीर्ष नेताओं की अगले महीने जयपुर में बैठक होने वाली है, जिसमें ज्ञानवापी मस्जिद परिसर मामले और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से निलंबित प्रवक्ता नुपुर शर्मा द्वारा पैगंबर मोहम्मद पर विवादास्पद टिप्पणी पर हिंसक विरोध प्रदर्शन सहित कई मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। मामले की जानकारी रखने वाले एक पदाधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही।

28 मई को एक टेलीविजन डिबेट के दौरान नूपुर शर्मा ने पैगंबर मुहम्मद के बारे में विवादास्पद टिप्पणी की और पार्टी के नेता नवीन कुमार जिंदल ने 1 जून को कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियां ट्वीट कीं। टिप्पणी पर नाराजगी के बीच भाजपा ने शर्मा को निलंबित कर दिया और 5 जून को जिंदल को निष्कासित कर दिया।

**नूपुर शर्मा के बयान पर इस्लामिक देशों में हंगामा-** उनके इस बयान से ओमान, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया सहित लगभग 15 देशों ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए राजनयिक हंगामा शुरू कर दिया। भारत सरकार ने बाद में एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि धार्मिक व्यक्तित्व को बदनाम करने वाले व्यक्तियों की टिप्पणी किसी भी तरह से भारत सरकार के विचारों को प्रतिबिंबित नहीं करती है। इस टिप्पणी ने 10 जून को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें दो लोगों की जान चली गई और कई घायल हो गए।

**ज्ञानवापी मस्जिद विवाद पर भी होगी बात-** बैठक के दौरान एक और उग्र मुद्दा उठने की संभावना है, वह है ज्ञानवापी मस्जिद का मामला। एक जनहित याचिका में सात याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के एक मौजूदा या रिटायर जज की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा ज्ञानवापी का सर्वेक्षण करने की मांग की है ताकि यह पता लगाया जा सके कि अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण के दौरान मस्जिद परिसर में एक संरचना मिली या नहीं। हिंदुओं द्वारा दावा किया गया है कि वह शिवलिंग है। वहीं, मुसलमानों द्वारा दावा किया गया एक फव्वारा है।

हिंदू पक्ष ने दावा किया है कि पिछले महीने ज्ञानवापी परिसर के वीडियोग्राफी सर्वेक्षण के दौरान एक शिवलिंग मिला था। मस्जिद समिति के सदस्यों इस दावे को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा था कि यह वज़ूखाना जलाशय में पानी के फव्वारे तंत्र का हिस्सा था, जिसका उपयोग नमाज़ अदा करने से पहले किया जाता था।

**आरएसएस चिंतित-** आरएसएस के एक पदाधिकारी ने बताया कि संघ समुदायों के बीच बढ़ती हुई भ्रांतियों से चिंतित है और बढ़ती कलह का स्थायी समाधान तलाश रहा है। इस महीने की शुरुआत में नागपुर में स्वयंसेवकों के एक अधिकारी के प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने ज्ञानवापी विवाद के लिए एक सौहार्दपूर्ण समाधान का आह्वान किया था। उन्होंने सुझाव दिया था कि हिंदू और मुस्लिम पक्षों को इस मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए मेज पर बैठना चाहिए।

## कुल्लू में टेक ऑफ के वक्त पैराग्लाइडर क्रैश, दो लोगों की मौत

**शिमला (आरएनएस)।** पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में बुधवार को एक बड़ा हादसा हुआ, जहां कुल्लू जिले में पैराग्लाइडर क्रैश हो गया। घटना में दो लोगों के मौत की खबर है। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अभी तक इस हादसे का पता नहीं चल पाया है। जानकारी के मुताबिक पर्यटक 20 वर्षीय आदित्य शर्मा कुल्लू घूमने गए थे। वहां पर डोभी में उन्होंने पैराग्लाइडर बुक किया। उनको लेकर 24 वर्षीय पायलट कृष्ण गोपाल ने उड़ान भरी। चश्मदीदों के मुताबिक टेक ऑफ के दो मिनट बाद ही पैराग्लाइडर क्रैश हो गया। इसके चलते दोनों लोग एक चट्टान से जा टकराए। हादसे में पर्यटक की तुरंत मौत हो गई थी, जबकि पायलट गंभीर रूप से घायल था। आनन-फानन में उसको नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस दोनों का पोस्टमार्टम करवाकर मामले की जांच कर रही है। तेज हवा की वजह से हादसा वहां मौजूद लोगों के मुताबिक मौसम खराब होने की वजह से तेज हवाएं चल रही थीं। पायलट ने सकुशल टेकऑफ तो कर लिया, लेकिन तेज हवा की वजह से वो नियंत्रण खो बैठा। इसके चलते पैराग्लाइडर अनियंत्रित होकर क्रैश हो गया। पर्यटन विभाग ने भी इस घटना को गंभीरता से लिया है, जिस वजह से एक टीम गठित कर मामले की जांच करवाई जा रही है।

## पंजाब सरकार ने 1170 रुपए में दिल्ली एयरपोर्ट के लिए लग्ज़री बस सेवा शुरू किया

**जालंधर (आरएनएस) ।** पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार ने आज से दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए सुपर डिलक्स वाल्वो बस सेवा की शुरूआत की है। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम सरदार भगवंत मान ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। सीएम भगवंत मान ने कहा कि हमने प्राइवेट ट्रांसपोर्टरों के एकाधिकार को खत्म कर सिर्फ 1170 रुपए में दिल्ली एयरपोर्ट के लिए लग्ज़री बस सेवा शुरू की है। वहीं, सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पहले लोगों को बस माफियाओं का शिकार होना पड़ता था, लेकिन अब नहीं होना पड़ेगा, क्योंकि अब पंजाब में ईमानदार सरकार है। पिछली सरकारें जो काम इतने सालों में नहीं कर पाई, वो काम हमने तीन महीने में कर दिया। पंजाब में पिछले तीन महीने में भ्रष्टाचार पर जितना कडक़ व ठोस प्रहार हुआ है, शायद पिछले 70 साल में पूरे देश में इस किस्म का प्रहार कहीं नहीं हुआ है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पहले सारे गैंगस्टर, असमाजिक और राष्ट्र विरोधी तत्वों के बाप सरकार में बैठे होते थे, लेकिन अब इनको राजनीतिक संरक्षण देने वाला कोई नहीं बचा है। अब अगर पंजाब में कोई अपराध होता है, तो उसका दोषी पकड़ा जाता है, जबकि पहले कोई नहीं पकड़ा जाता था। पंजाब के एक-एक आदमी को सुरक्षा देने की जिम्मेदारी हमारी है और हम अपनी जिम्मेदारी पूरी करेंगे।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान के साथ जालंधर आईएसबीटी से दिल्ली स्थित आईजीआई एयरपोर्ट के लिए सुपर डीलक्स वॉल्वो बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बसों को हरी झंडी दिखाने से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम सरदार भगवंत मान ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर फूलों की माला पहनाकर उनको श्रद्धांजलि दी। पंजाब सरकार द्वारा शुरू की गई यह वॉल्बो बसें दिल्ली स्थित आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल तीन तक जाएंगी। इससे पंजाब से आईजीआई एयरपोर्ट आने वाले लोगों को बड़ी सहूलियत मिल गई है। अब लोग पंजाब से वॉल्वो बस के जरिए आसानी से और कम पैसे खर्च कर आईजीआई एयरपोर्ट पहुंच सकेंगे। इस अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत, पंजाब के परिवहन मंत्री और विधायकों के साथ वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।सुपर डिलक्स वाल्वो बसों को हरी झंडी दिखाने के उपरांत दिल्ली के अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज बेहद खुशी का दिन है। आज पंजाब से सीधे दिल्ली एयरपोर्ट के लिए सरकारी बसें शुरू हो रही हैं। सभी शानदार बसें हैं। सभी सहूलियतों के साथ सारी बसें वातानुकूलित हैं। अब बड़े आराम के साथ लोग दिल्ली एयरपोर्ट जा सकेंगे। दिल्ली के बहुत सारे लोग विदेशों में रहते हैं। एनआरआई हैं। वो खुद अपने गांव आते-जाते रहते हैं। उनके दोस्त आते-जाते रहते हैं। अभी तक जब वो आया करते थे, तो उनको बस माफिया का शिकार होना पड़ता था। एक तरफ का किराया तीन हजार से पांच हजार रुपए होता था। उनके पास कोई विकल्प नहीं होता था। उनको उन्हीं बसों में जाना पड़ता था। लेकिन अब पंजाब के अंदर ईमानदार सरकार आ गई है। पहले एक पार्टी की सरकार थी। उनकी तो बसें चलती थीं। उन बसों का मुनाफा उनको जाया करता था। तो उन्होंने सरकारी बसें नहीं चलने दी। फिर दूसरी सरकार आई। उनका पुरानी पार्टी के साथ सेटिंग थी, उनको भी हिस्सा जाता होगा। तो उन्होंने भी सरकारी बसें नहीं चलने दी। अब पंजाब के अंदर ईमानदार पार्टी की ईमानदार सरकार है। ईमानदार नेतृत्व की सरकार है। जो काम वो इतने सालों में नहीं कर पाए, वही काम हमने तीन महीने के अंदर कर दिया। अधिकारी भी वही, सिस्टम भी वही, सिर्फ उपर के नेता और सरकार बदल गई, ईमानदार सरकार आ गई। इसलिए लोगों को अब सहूलियतें मिलने लग गई। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत का हवाला देते हुए कहा कि आज जो पंजाब से दिल्ली एयरपोर्ट के लिए बसें जा रही हैं, उनका इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर जीएमआर वालों ने भी स्वागत करने का पूरा इंतजाम किया है।

